तापमान
अधिकतम .27 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 18 जनवरी 2026

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

4
राइस मिलों से 5 करोड़ का धान चावल जब्त, 2 राइस मिल सील



## खबर संक्षेप

### सेठ किरोड़ीमल आधुनिक रायगढ़ के शिल्पी : ओपी

**रायगढ़।** सेठ किरोड़ीमल की जयंती पर रायगढ़ के लिए उनके योगदान का स्मरण करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा सेठ किरोड़ीमल का योगदान रायगढ़ के सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास में अभूतपूर्व रहा है। उन्होंने गौरीशंकर मंदिर, नटवर स्कूल, किरोड़ीमल विज्ञान कला महाविद्यालय और बहुत जनोपयोगी संस्थाएं जैसे धर्मशाला, पुस्तकालय, कॉलोनी का निर्माण कराया। आधुनिक रायगढ़ की नींव रखने की वजह से वे सही मायने में आधुनिक रायगढ़ के शिल्पी है । 1948 में उनके द्वारा निर्मित प्रसिद्ध गौरीशंकर मंदिर आस्था का केंद्र है। नटवर स्कूल, किरोड़ीमल विज्ञान कला महाविद्यालय और पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। 1954-55 के दौरान सुविधाओं से युक्त पुस्तकालय की स्थापना की। नेत्र चिकित्सालय और बूजी.भवन धर्मशाला के निर्माण में उनकी अहम भूमिका रही। कॉलोनियों और आवासीय भवनों के निर्माण में भी उनका सहयोग रहा। सेठ किरोड़ीमल ने अर्जित धन.संपत्ति का उपयोग जन कल्याण और सामाजिक उत्थान के कार्यों में किया, जिससे रायगढ़ का सर्वांगीण विकास हुआ।



### जिला स्तरीय प्रथम लेवल स्क्रीनिंग टेस्ट 21 को

**रायगढ़।** भारत सरकार द्वारा आयोजित इंडिया स्किल काम्पीटिशन 2025 के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय प्रथम लेवल स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा 21 जनवरी को ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी, पूंजीपथरा, विखं तमनार, जिला.रायगढ़ में आयोजित होगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रथम पाली प्रातः 11 बजे तथा द्वितीय पाली दोपहर 01 बजे होगी। परीक्षा से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए संपर्क कर सकते है।

### महुआ शराब के खिलाफ आबकारी की कार्रवाई

**रायगढ़।** आबकारी विभाग ने ग्राम बिंजकोट में छापेमारी की। इसमें शिवा चौहान के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब बरामद की। बरामद शराब में 05 लीटर क्षमता वाली सफेद रंग की जरीकेन में भरी 05 लीटर और 02 लीटर क्षमता वाली हरी रंग की प्लास्टिक बोतल में भरी 02 लीटर शराब शामिल थी। बरामद शराब का बाजार मूल्य लगभग 1 हजार 400 बताया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

### ब्रिज में मरम्मत रद्द रहेगी बीआर

**रायगढ़।** कोटमीसोनार-जयरामनगर सेक्शन के मध्य किमी 700/32/701/ 02 में स्थित रेलवे ब्रिज संख्या 12 में आवश्यक मरम्मत कार्य ट्रैफिक ब्लॉक लेकर कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली कुछ गाडियां प्रभावित रहेगी। 17 एवं 18 जनवरी को रायगढ़ से चलने वाली 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 17 एवं 18 जनवरी को बिलासपुर से चलने वाली 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 18 एवं 19 जनवरी को रायगढ़ से चलने वाली 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 17 एवं 18 जनवरी को बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

### इसमें 51 हजार 686 किसान और 1 हजार 554 टैक्स देने वाले किसान हैं शामिल

# 53 हजार अपात्र किसानों को 43 करोड़ भुगतान, आरआरसी के बाद भी वसूली नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के एसडीएम, तहसीलदार अपात्र किसानों के खाते में जमा की गई पीएम किसान सम्मान निधि की राशि करीब 43 करोड़ 16 लाख वसूली करने की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं। जमा होने के बाद जब इसका खुलासा हुआ तो लिस्ट देकर एसडीएम और तहसीलदार को वसूली करने की जिम्मेदारी दी गई। कुछ किसानों को आरआरसी भी जारी की गई, लेकिन दोबारा मांगने की हिम्मत नहीं कर सके। हालात यह है कि पटवारी और कृषि विभाग की गलती से शासन को करोड़ों का चपत लग गया है। खास बात यह है कि ऐसे किसानों की संख्या सबसे ज्यादा पुसौर ब्लॉक में है। इसमें करीब 1554 किसान तो इंकम टेक्स जमा करने वाले भी हैं।

**खास बात**
- शुरुआत में पटवारी और कृषि विभाग ने कर दी अपात्रों की एंट्री, जांच में हुआ खुलासा

शुरुआती दौर में पीएम किसान सम्मान निधि के लिए किसानों की एंट्री पटवारी कर रहे थे। उनको आईडी पासवर्ड दी गई थी। पटवारियों जो सामने आया उसकी एंट्री कर दी। केंद्र से भी बिना जांच किए किसानों के खाते में राशि जमा कर दी गई। बाद में जब सबकुछ ऑनलाइन हुई तो अपात्र किसानों के सामने एरर दिखाने लगा।

तब अपात्र किसानों का नाम पकड़ में आया। इसके बाद जिले में सूची भेजी गई। इसमें 53 हजार 243 किसानों का नाम था। इसमें सबसे ज्यादा 23 हजार 181 अपात्र किसान तो केवल पुसौर ब्लॉक के थे। 1554 किसान इसमें ऐसे भी किसान थे जो इन्कम टैक्स जमा करते हैं। इन्कम टैक्स जमा करने वाले किसानों को 1 करोड़ 44 लाख 18 हजार भुगतान किया गया है। इसी तरह 51 हजार 689 अपात्र किसानों को 41 करोड़ 71 लाख 82 हजार भुगतान कर दिया गया है। इन किसानों से वसूली की जिम्मेदारी एसडीएम तहसीलदारों को दी गई है, लेकिन अब तक वसूल ही नहीं सके हैं।

### आरआरसी जारी कर भूल गए

सभी ब्लॉकों के तहसीलदारों ने ऐसे किसानों को आरआरसी जारी किया है। कुछ किसानों ने राशि भी जमा किया है। अब तो इसे तहसीलदारों ने भूला भी दिया है। इन्कम टैक्स जमा करने वाले अधिकांश किसानों ने राशि जमा करने की जानकारी मिली है। कारण अधिकांश लोग इसमें नौकरी पेशा वाले हैं। इसके कारण जमा करना पड़ा। हालांकि अब तो ऐसे अपात्र किसानों का नाम केंद्र से काट दिया जा रहा है। पोर्टल में अपात्र किसानों के नाम पर एरर दिखाता है।



### कहां कितने किसान

| ब्लॉक | संख्या | राशि |
|---|---|---|
| रायगढ़ | 836 | 10166000 |
| खरसिया | 3507 | 43264000 |
| तमनार | 995 | 14150000 |
| पुसौर | 23379 | 123838000 |
| घरघोड़ा | 93 | 1226000 |
| लैलूंगा | 786 | 130402000 |
| धरमजयगढ़ | 9896 | 5838000 |
| बरमकेला | 3999 | 24068000 |
| सारंगढ़ | 9752 | 78648000 |

### आईडी पासवर्ड की लापरवाही से राजस्व काम ठप, एक महीने से भटक रहे किसान

**घरघोड़ा।** कलेक्टर के आदेश पर पटवारी देवेंद्र सिदार को घरघोड़ा मुख्यालय की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। दिसंबर माह में उनके अवकाश पर जाने के बाद संतोष साहू को अतिरिक्त प्रभार दिया गया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि अतिरिक्त प्रभार मिलने के बावजूद उन्हें आज तक आईडी-पासवर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। वहीं लगभग एक महीने बाद अवकाश से लौटकर ज्वाइन करने वाले पटवारी देवेंद्र सिदार को भी अब तक नया आईडी-पासवर्ड नहीं दिया गया है। जिम्मेदार अधिकारियों की इस लापरवाही का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। आईडी-पासवर्ड के अभाव में नामांतरण, बटांकन, खसरा सुधार, ऑनलाइन एंट्री जैसे महत्वपूर्ण राजस्व कार्य ठप पड़े हैं। अपने छोटे-छोटे कामों के लिए किसान बीते एक महीने से कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन सुनवाई कहीं नहीं हो पा रही। किसानों में नाराजगी लगातार बढ़ रही है और अब सवाल उठने लगे है। जब आदेश जारी हो चुका है तो आईडी-पासवर्ड देने में अधिकारी आनाकानी कैसे कर रहे हैं।

# एनएच 49 में पुल से नीचे गिरी कार सवारियों को खरोंच तक नहीं आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीती रात एनएच 49 पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई। इस सड़क दुर्घटना में कार में सवार तीन लोगों की जान बाल-बाल बची है। यह घटना खरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम बोतल्दा के पास हुई, जो जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं की कड़ी का हिस्सा है।

बीती रात करीब 11 बजे उस समय हादसा हुआ जब एक स्विफ्ट डिजायर कार बिलासपुर से कोतबा की ओर जा रही थी। ग्राम बोतल्दा के पास एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में कार चालक अपना नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित कार सीधे सड़क किनारे बने छोटे पुल से नीचे जा गिरी। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन गनीमत रही कि कार में सवार तीनों यात्री सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। घटना की सूचना मिलने पर सुबह बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। इसके बाद जेसीबी की मदद से क्षतिग्रस्त कार को खाई से बाहर निकाली गई। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना इन दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बताया जा रहा है। एनएच 49 जैसे व्यस्त राजमार्गों पर सुरक्षा मानकों का पालन न करना कई बार जानलेवा साबित होता है।



### निर्माण कार्यों की प्रगति का वित्त मंत्री ने किया निरीक्षण

**रायगढ़।** रायगढ़ को आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में राज्य के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने आज रायगढ़ में चल रहे विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण कर उनकी प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और इंजीनियरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि आम जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माणाधीन कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


# बंगुरसिया में फिर हाथी ने मचाया उत्पात झोपड़ी तोड़ खरीदी केंद्र से खाया धान

**भूख मिटाने रोज धान खरीदी केंद्र पहुंच रहे हाथी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बंगुरसिया में बीती रात हाथी ने जहां एक मकान एवं झोपड़ी को तोड़ दिया है वहीं धान खरीदी केन्द्र पहुंचकर 7 बोरी धान चट कर गया है। जिले में हाथियों की बड़ी संख्या को देखते हुए वन विभाग पूरी तरह अलर्ट होकर गांव-गांव में मुनादी कराकर लोगों को हाथियों से दूरी बनाए रखने अपील भी कर रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ वन मंडल के बंगुरसिया धान खरीदी केन्द्र में बीती रात एक बार फिर से हाथियों ने 7 बोरी धान के अलावा एक अस्थाई झोपड़ी को भी पहुंचाया है। इसी तरह धरमजयगढ़ वन मंडल के प्रेमनगर में 3 किसान दियागढ़ में 1 किसान की फसल को भी हाथियों ने काफी नुकसान पहुंचाया है। वहीं बोरों रेंज के खम्हार बीट में हाथी ने एक ग्रामीण के मकान को तोड़ा है। आज सुबह मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। रायगढ़ जिले के जंगलों में इन दिनों कुल 122 हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं, जिसमें धरमजयगढ़ वन मंडल में 63 हाथी तो रायगढ़ वन मंडल में 59 हाथियों की मौजूदगी है। हाथियों के इस दल में 34 नर, 58 मादा के अलावा 30 शावक शामिल है।



# 123 किलो गांजा के साथ दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सरिया पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 123 किलो 30 ग्राम गांजा के साथ दो अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी उड़ीसा से गांजा लेकर मध्यप्रदेश के शहडोल जा रहे थेए जिसमें एक कार से गांजा परिवहन किया जा रहा था, जबकि दूसरी कार से पायलेटिंग की जा रही थी। जिले में अवैध जुआ, सट्टा, शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी प्रमोद यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। 17 जनवरी को पेट्रोलिंग के दौरान एक बिना नंबर की बलेनो कार में उड़ीसा से गांजा लाकर सरिया होते हुए शहडोल ले जाया जा रहा है, जिसकी पायलेटिंग रेनॉल्ट ट्राइबर कार द्वारा की जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने भुलुमुड़ा कच्ची रोड पर घेराबंदी कर दोनों वाहनों को रोककर जांच की। बलेनो कार की तलाशी लेने पर वाहन के अंदर 120 पैकेट में कुल 123 किलो 30 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। बलेनो कार चालक ने अपना नाम शिवम कुमार जायसवाल 26 वर्ष निवासी पढ़रिया पोस्ट बम्हनी, थाना बुढार, जिला शहडोल मध्यप्रदेश बताया। वहीं पायलेटिंग कर रही रेनॉल्ट ट्राइबर कार चालक ने अपना नाम दिनेश नट 25 वर्ष निवासी जयसिंहनगर चंदेला, थाना जयसिंहनगर, जिला शहडोल मध्यप्रदेश बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 123 किलो 30 ग्राम गांजा कीमत लगभग 12 लाख 30 हजार रुपए बिना नंबर की बलेनो कार कीमत लगभग 10 लाख रुपए रेनॉल्ट ट्राइबर कार क्रमांक यूपी 45 एएफ 5702 तथा एक जियो मोबाइल फोन जब्त किया है। कुल जब्त संपत्ति की कीमत लगभग 22 लाख 32 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सरिया में धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



# राइस मिलों में खुलेआम चल रहा है धान का रि-साइकल, पांच मिलों में पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में खुलेआम धान की रि-सायकल चल रहा है। या तो धान उठाकर दोबारा वहीं डंप कर दिया जा रहा है, या फिर उठाए बगैर ही एंट्री कर दी जा रही है। इसका खुलासा तब हुआ जब पांच मिलों की जांच अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा की गई। इसमें तीन मिलों में जहां शुक्रवार को दबिश दी गई थी। वहीं दो मिलों में शनिवार को जांच की गई है। भौतिक सत्यापन में एक मिल में 3370 क्विंटल कम और एक मिल में 2200 क्विंटल अधिक धान मिला है। दोनों मिल संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। याने जिले के राइस मिलों में धान गायब होने का गजब खेल चल रहा है। शनिवार को अधिकारियों की संयुक्त टीम ने महापल्ली के मनोज राइस मिल में जांच की गई। यहां जो धान समितियों से उठाव किया गया था उसमें 3 हजार 370 क्विंटल धान कम मिला। अधिकारियों ने पंचनामा बनाकर मामला दर्ज किया है। इसी तरह धरमजयगढ़ ब्लॉक के ग्राम लक्ष्मी नगर स्थित ए वन राइस मिल में टीम ने दबिश दी। इस दौरान उठाए गए धान का भौतिक सत्यापन किया गया। इसमें जो धान उठाव किया गया है उसमें 2 हजार 200 क्विंटल धान अधिक मिला। इस धान को जब्त कर लिया गया है। संयुक्त टीम द्वारा छग कस्टम मिलिंग अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

**खास बात**
- भौतिक सत्यापन में 3370 क्विंटल कम और एक मिल में 2200 क्विंटल अधिक धान मिला



### नहीं होगा धान उठाव

एक मौखिक निर्देश से समिति प्रबंधकों में हड़कंप मच गई है। कारण अब समितियों से धान उठाव नहीं होगा। इस आदेश में कितनी सच्चाई है यह तो अधिकारी ही जानें, लेकिन खरीदी सेंटरों में इस बात की शुक्रवार, शनिवार काफी चर्चा रही। जानकारी मिली है कि अब तक जितना उठाव हो गया है उसी की मिलिंग की जाएगी। पूरा होने के बाद धान उठाव की अनुमति दी जाएगी। इसका कोई लिखित आदेश नहीं है।

**कर्मचारियों से समय पर टैक्स भुगतान करने की गई अपील**

# निगम आयुक्त ने जमा किया यूजर चार्ज और टैक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने ऑनलाइन माध्यम से अपने स्वयं के आवास का यूजर चार्ज सहित समेकित कर का भुगतान कर जागरूक नागरिक का उदाहरण प्रस्तुत किया। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, सौंदर्यीकरण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के निरंतर विकास हेतु कर संग्रहण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कर्मचारियों से समय पर टैक्स भुगतान करने का निर्देश भी दिया।

समय पर टैक्स जमा होने से विकास कार्यों को और अधिक गति मिलती है तथा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो पाता है। इससे नागरिकों को भी अतिरिक्त अधिभार संबंधित आर्थिक हानि नहीं होती है। इसी तरह उन्हें साल के शुरुआत में ही समस्त टैक्स के भुगतान पर नियमानुसार छूट की भी सुविधा मिलती है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने अपने संपत्ति कर, यूजर चार्ज एवं अन्य देय करों का भुगतान अनिवार्य रूप से करें। इसी तरह कर संग्रहण कार्य में लगे राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को कार्य में सक्रियता दिखाते हुए नागरिकों को समय पर टैक्स जमा करने जागरूक करने और उन्हें ऑनलाइन भुगतान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने यह भी बताया कि नगर निगम द्वारा ऑनलाइन टैक्स भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई हैए जिससे नागरिक घर बैठे ही आसानी से अपना कर जमा कर सकते हैं। इससे समय की बचत होगी और पारदर्शिता भी बनी रहेगी। नगर निगम प्रशासन ने विश्वास जताया कि कमिश्नर द्वारा की गई यह पहल शहरवासियों को समय पर कर भुगतान के लिए प्रेरित करेगी और रायगढ़ को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित शहर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगी।



### जोहार रायगढ़ के माध्यम से घर बैठी सारी सुविधाएं

नगर निगम द्वारा अपना स्वयं का जोहर रायगढ़ नाम से ऐप लॉन्च किया गया है। इस ऐप को कोई भी प्ले स्टोर के माध्यम से मोबाइल पर डाउनलोड कर सकते हैं। ऐप में सभी प्रकार के टैक्स, यूजर चार्ज जमा करने सहित सहित जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रए नल कनेक्शन, ऑनलाइन बॉक्स क्रिकेट, बैडमिंटन बुकिंग, बिजली, पानी, सफाई एवं अतिक्रमण सहित अन्य शिकायतें करने की सुविधा का लाभ घर बैठे ले सकते हैं।

### अब जिला चिकित्सालय में ब्रेन हेल्थ क्लीनिक की मिलेगी सुविधा

**रायगढ़।** जिले के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में शासकीय जिला चिकित्सालय में ब्रेन हेल्थ क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। क्लीनिक का विधिवत उद्घाटन छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पहल रायगढ़ के नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, क्योंकि अब मस्तिष्क, मानसिक एवं स्पाइन से संबंधित बीमारियों का उपचार जिले में ही सुलभ होगा। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में ब्रेन एवं मेंटल हेल्थ से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसे देखते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वित प्रयास से जिला अस्पताल में ब्रेन हेल्थ क्लीनिक की स्थापना की गई है।

## खबर संक्षेप

### विदेशी शराब की सीलबंद दुकानों में एमआरपी से अधिक कीमत पर बिक्री

**राउरकेला।** शहर के भीड़भाड़ वाले और सभ्य रिहायशी इलाकों में विदेशी शराब की दुकानें स्थित हैं। इन विदेशी शराब की दुकानों एफएल ऑफ शॉप द्वारा ग्राहकों से बोतलों पर अंकित मुद्रित मूल्य एमआरपी से अधिक कीमत वसूले जाने का मामले सामने आया है। यदि कोई ग्राहक इसका विरोध करता है तो दुकानदार उसे डराने धमकाने और चुप कराने की कोशिश भी करते हैं। राउरकेला शहर के उदितनगर अंबेडकर चौक के सामने स्थित सुपर मार्केट परिसर में ऐसी ही एक लाइसेंस प्राप्त विदेशी शराब की दुकान है। यह दुकान अत्यंत भीड़भाड़ वाले स्थान पर होने के बावजूदए किसी की परवाह किए बिना मनमाने दामों पर शराब बेच रही हैए ऐसा आरोप है। बोतल पर लिखी कीमत से अधिक दाम लेकर शराब बेचने का एक मामला सामने आया है, जिसमें एक सभ्य नागरिक को परेशान होना पड़ा। पिछले मंगलवार रात एक व्यक्ति ने अच्छी ब्रांड की शराब लाने के लिए अपने एक परिचित को दुकान पर भेजा था। परिचित ने दुकान से एक बोतल विदेशी शराब खरीदी और दुकानदार से कीमत पूछी। दुकानदार ने 2700 रुपए बताए, जबकि उस बोतल पर 2630 मूल्य अंकित था। इस पर जब परिचित ने अधिक कीमत लेने का कारण पूछा तो दुकानदार ने उसे धमकाया, जिससे वहां बहस हो गई।

### रामेश्वर महादेव मंदिर का स्थापना वर्ष सोल्लास मना

**राउरकेला।** सेक्टर 20 नेहरू पल्लि, मिश्रा खटाल स्थित श्री श्री रामेश्वर महादेव मंदिर के द्वादश 12वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित 11 दिवसीय विश्वशांति रुद्र महायज्ञ का विधिवत समापन हो गया। यह महायज्ञ 4 से 14 तारीख तक श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। यज्ञ के दौरान सूर्य पूजा, शाला पूजा, स्तव स्तोत्र पाठ, संध्या आरती, पुष्पांजलि तथा नामकीर्तन जैसे विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। मंदिर के सभापति जगन्नाथ राउत और मुख्य कार्यकर्ता गणेश जयसिंह के मार्गदर्शन में पुरी से आए वेदज्ञ ब्राह्मण पंडितों ने यज्ञ संपन्न कराया। मुख्य यजमान दुखिश्याम जयसिंह एवं सुमामणि जयसिंह रहे, जबकि उप यजमान अमर सिंह एवं उमा देवी ने दायित्व निभाया। विभिन्न दिनों में विधायक दुर्गाचरण तंती, पूर्व विधायक सुब्रत तराई सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता की।

### सुंदरगढ़ समूह संघर्ष मामले में पुलिस की सख्ती, अब तक 6 आरोपी गिरफ्तार

**सुंदरगढ़।** तीन दिन पहले हुए समूह संघर्ष की घटना को लेकर शांति समिति की बैठक में नागरिकों द्वारा कड़ी कार्रवाई की मांग के बाद पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। इसके तहत टाउन थाना पुलिस ने बीती रात शहर के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर दोनों गुटों से जुड़े 6 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अन्य फरार उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिए सघन अभियान जारी है। दो दिन पूर्व गोमांस रखने के आरोप को लेकर दो गुटों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया था, जो बाद में पत्थरबाजी और हिंसा में बदल गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों सहित दोनों पक्षों के 12 से अधिक लोग घायल हो गए थे। उपद्रवियों ने दुकानों और वाहनों में तोड़फोड़ की तथा एक पिकअप वाहन को आग के हवाले कर दिया था। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने शहर में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू की थी। इसके तहत दुकान बाजार, स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए थे तथा जिले में 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं भी स्थगित कर दी गई थीं।

## श्रद्धांजलि

### विद्यावती नायक



**रायगढ़।** डॉ.राजेश कुमार नायक की माताश्री श्रीमती विद्यावती नायक का निधन 10 जनवरी को हो गया। श्रीमती विद्यावती अत्यंत ही सहज सरल एवं व्यवहार कुशल धर्मपरायण व्यक्तित्व की धनी थी। स्व. विद्यावती निधन पर अखिल भारतीय अघरिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल व सचिव भोजराम पटेल एवं केन्द्रीय पदाधिकारियों द्वारा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित की गई है।

## अनन्य दिवस पर्व भक्ति पूर्ण वातावरण में सम्पन्न

# चड़िया संगम तट पर जुटी श्रद्धालुओं की भीड़







हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले के सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र ब्रह्मनिष्ठालय सोगड़ा के तत्वावधान में अनन्य दिवस का पर्व पूरे भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

माघ कृष्णपक्ष चतुर्दशी पर चड़िया संगम तट श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से सराबोर नजर आया। जय अघोरेश्वर के जयघोष से समूचा क्षेत्र गुंजायमान रहा। आध्यात्मिक मान्यताओं के अनुसार, आज ही के दिन अघोरेश्वर भगवान राम जी को माता अन्नपूर्णा ने साक्षात दर्शन देकर अपना दिव्य आशीर्वाद प्रदान किया था। इस अलौकिक और ऐतिहासिक घटना की स्मृति में प्रतिवर्ष 'अनन्य दिवस' का आयोजन किया जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि आज के दिन चड़िया संगम में स्नान और पूजन करने से विशेष आध्यात्मिक फल की प्राप्ति होती है।

### त्रिवेणी संगम पर दिखा अनूठा संगम

यह मुख्य आयोजन मधेश्वर, लावा और मनोरमा नदियों के पवित्र 'चड़िया संगम' पर आयोजित किया गया। उत्सव की शुरुआत तड़के सुबह प्रभात फेरी के लिएश्रद्धालु सोगड़ा आश्रम से अघोरेश्वर आसन और 'सर्वेश्वरी ध्वज' लेकर जयकारे लगाते हुए संगम तट पहुंचे।

### दोपहर को विशेष संगोष्ठी का आयोजन एवं विशेष आरती

दोपहर में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां विद्वानों ने अघोरेश्वर महाप्रभु के मानवतावादी संदेशों और उनके 'अघोर पथ' के दर्शन पर प्रकाश डाला तत्पश्चात शाम को भजन-कीर्तन के बाद विशेष आरती की गई, जिसके पश्चात पवित्र ध्वज और आसन की सोगड़ा आश्रम में ससम्मान वापसी हुई।

### विभिन्न राज्यों से पहुंचे हजारों श्रद्धालु

इस उत्सव की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहाँ न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और ओडिशा जैसे पड़ोसी राज्यों से भी हजारों की संख्या में भक्त पहुंचे। आश्रम से जुड़े मानस सिंह ने कहा यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानवता और सेवा का संकल्प दोहराने का दिन है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन देखते ही बन रहा था।

## नाबार्ड की टीम ने मसाला फसलों,जलवायु अनुकूल तकनीकों का लिया जायजा



**रायगढ़।** नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. ज्ञानेन्द्र मणि के नेतृत्व में नाबार्ड के विभिन्न जिलों के जिला विकास प्रबंधकों की टीम ने कृषि विज्ञान केन्द्र, के प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान टीम ने केन्द्र की सभी प्रायोगिक इकाइयों एवं मसाला फसलों के बीज उत्पादन कार्यक्रमों का अवलोकन किया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा मसाला फसलों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने, गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन, बहु मंजिली खेती प्रणाली तथा किसानों की आय वृद्धि के लिए अपनाई जा रही आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी गई। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीएस राजपूत द्वारा प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विगत वर्ष में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी साझा की गई। तत्पश्चात नाबार्ड टीम द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र के निकरा गोद ग्राम जुनवानी विकासखंड रायगढ़ में जलवायु अनुकूल उन्नत तकनीकों पर आधारित कृषकों के प्रक्षेत्रों का भ्रमण किया गया। इस दौरान केन्द्र द्वारा पशुधन में उन्नत नस्ल सुधार हेतु संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई, जिसमें गिर नस्ल के सांड, सिरोही नस्ल की बकरी एवं बकरा का अवलोकन कराया गया।

## सरकारी चावल गबन को लेकर एसडीएम कार्यालय के सामने धरना



**बिलाईगढ़।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गंभीर अनियमितताओं एवं सरकारी चावल के कथित गबन के आरोपों को लेकर भीम रेजिमेंट के बैनर तले शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय बिलाईगढ़ के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। आंदोलन ग्राम मलुहा में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान के माध्यम से मृत व्यक्तियों के नाम पर वर्षों से राशन निकासी, शासकीय चावल के गबन, जालसाजी तथा गरीब एवं पात्र हितग्राहियों के अधिकारों के हनन के आरोपों को लेकर किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उक्त प्रकरण में प्रशासन द्वारा पूर्व में स्थल जांच की गई थी, लेकिन आज दिनांक तक न तो जांच प्रतिवेदन सार्वजनिक किया गया है और न ही दोषियों के विरुद्ध कोई ठोस प्रशासनिक अथवा कानूनी कार्रवाई की गई है। इससे सार्वजनिक वितरण प्रणाली की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। धरना स्थल पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान तहसीलदार मौके पर पहुंचेए जहां मामले को लेकर प्रदर्शनकारियों से तीखी बहस भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर प्रकरण को दबाने और प्रभावी कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए।

## 12 फरवरी को श्रमिक विरोधी श्रम संहिताओं, किसान व श्रमिक मुद्दों के खिलाफ होगा आंदोलन



**राउरकेला।** सीआईटीयू सहित 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियन, स्वतंत्र फेडरेशन और संयुक्त किसान मोर्चा ने आगामी 12 फरवरी को देशव्यापी आम हड़ताल का आह्वान किया है। यह हड़ताल केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार श्रम संहिताओं के विरोध में आयोजित की जा रही है। बताया गया कि 20 नवंबर को प्रधानमंत्री द्वारा इन चार श्रम कोड को लागू किए जाने के बाद श्रमिकों के अधिकारों पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। प्रेस नोट में कहा गया है कि आज़ादी से पहले और बाद में श्रमिकों के हित में बने 44 श्रम कानूनों में से 15 कानूनों को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है, जबकि शेष 29 कानूनों को मिलाकर चार श्रम संहिताओं में बदल दिया गया है। इससे श्रमिक अपने वैधानिक अधिकारों और सुविधाओं से वंचित हो जाएंगे। इसके अलावा मनरेगा का नाम बदलकर एमजी रामजी किए जाने और बजट में केंद्र.राज्य हिस्सेदारी को 60.40 करने से ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार और न्याय मिलना मुश्किल होगा। वहींए बीज विधेयक 2025 और विद्युत विधेयक 2025 से किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका जताई गई है।

## श्मशान भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत शिकायतकर्ता और बेटे पर हमला



**सारंगढ़।** बिलाईगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत गगोरी में श्मशान भूमि पर खुलेआम अवैध कब्जा और ईंट निर्माण की शिकायत करना एक ग्रामीण को इतना महंगा पड़ गया कि उसे और उसके बेटे को जान से मारने की नीयत से हमला किया गया। जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा श्मशान भूमि पर अवैध रूप से ईंट निर्माण कराया जा रहा था। इसकी शिकायत पहले ही की जा चुकी थी। शिकायतकर्ता जब अधिकारियों को फोटो और ठोस साक्ष्य उपलब्ध कराने की कोशिश कर रहा था, तभी सरपंच और उसके समर्थकों ने रास्ते में रोककर उस पर और उसके पुत्र पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। । घटना के बाद पीड़ित ने सरसिंवा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जहां गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत स्तर पर चल रहे अवैध कार्यों को लेकर अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं और जो आवाज उठाता है उसी को सबक सिखाया जाता है।

## वीएसएस मार्केट मुकेश कर हत्या कांड के एक और आरोपी गिरफ्तार



**राउरकेला।** बहुचर्चित वीएसएस मार्केट मुकेश कर हत्या मामले में छेंड पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मालगोदाम निवासी गौरव सिंह 21 उर्फ बुलु हैं। लगभग 9 महीने बाद उन्हें राजगांगपुर से पकड़कर गुरुवार को न्यायालय में पेश किया गया। इस घटना में अब तक कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि एक नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया है। मुख्य आरोपी साबन अभी भी फरार है। जानकारी के अनुसार, 10 अप्रैल 2025 को रामनवमी शोभायात्रा समाप्ति के समय मालगोदाम और छेंड क्षेत्र के दो समूहों में वीएसएस मार्केट में विवाद हुआ। उग्र झड़प में मुकेश कर पर दो बार चाकू और लोहे की रॉड से हमला हुआए जिससे उनकी मृत्यु हो गई। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी आशीष पासवान, स्पर्श विश्वकर्मा, विवेक विश्वकर्मा, लकी सिंह, गौरव महांति, विवेक पांडे, सूर्यकांत राउतराय, करण बड़ाइक, ओम प्रकाश बहादुर और रोशन नायक हैं।

## बंडामुंडा रेलवे कॉलोनी में बिजली तार चोरी सेक्टर बना चोर गिरोह का नया निशाना



राउरकेला। बंडामुंडा रेलवे कॉलोनी में बिजली के तारों की चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में चोर गिरोह ने रेलवे कॉलोनी के ए सेक्टर को अपना निशाना बनाते हुए क्वार्टर संख्या 157 से 164 तक लगे बिजली के खंभों से करीब 100 मीटर कीमती तांबे की बिजली तार चोरी कर लिया है। जानकारी के अनुसार, बीते गुरुवार की देर रात अचानक कॉलोनी में बिजली गुल हो गई। शुक्रवार सुबह जब स्थानीय लोगों ने जांच की तो पाया कि दो स्थानों पर खंभों से बिजली की तार पूरी तरह गायब है। इसके बाद मामले की सूचना तत्काल रेलवे बिजली विभाग को दी गईए जिसने बंडामुंडा थाना को इस चोरी की जानकारी दी। बीते तीन महीनों के दौरान चोर गिरोह द्वारा रेलवे कॉलोनी में बिजली के खंभों से तार चोरी की यह पांचवीं घटना है।

## विकसित भारत ग्रामीण योजना से बदला गया, ग्रामीण मजदूरों को मिलेगा फायदा

**राउरकेला।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा को अब पुनर्गठित कर विकसित भारत ग्रामीण योजना कर दिया गया है, जिससे ग्रामीण मजदूरों और आम जनता को अधिक लाभ मिलने की उम्मीद है।

गुरुवार को यहां आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राउरकेला की भाजपा जिला अध्यक्ष ने नई योजना और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए इसके लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के तहत ग्रामीण मजदूरों के लिए गारंटीकृत कार्यदिवसों की संख्या 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है, जिससे उनकी आजीविका की सुरक्षा और मजबूत होगी। श्री केरकेट्टा ने आगे कहा कि नई व्यवस्था में फर्जी जॉब कार्डों पर सख्त रोक लगेगी और बिना काम किए लाभ लेने वालों को रोका जाएगा। उनके अनुसार, इस सुधार से वास्तविक ग्रामीण श्रमिकों को उचित रोजगार के अवसर और सही मजदूरी मिल सकेगी।

उन्होंने जोर देकर कहा कि विकसित भारत ग्रामीण योजना का उद्देश्य ग्रामीण विकास को मजबूत करना, पारदर्शिता को बढ़ावा देना और यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में जरूरतमंद और पात्र लोगों तक पहुंचे।

## श्रमशक्ति कॉलेज में छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण

**राउरकेला।** श्रमशक्ति महाविद्यालय में महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर बिरमित्रपुर वन विभाग की वनांचल अधिकारी सुदेष्णा शुभदर्शिनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि ने महिला सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए आत्मरक्षा से जुड़े व्यावहारिक कौशलों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें और आत्मरक्षा तकनीकों को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं। अध्यक्षीय संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि आज के समय में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा कौशल और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

## गो तस्करों पर पुलिस की कार्रवाई एक साथ 46 ठिकानों पर छापेमारी

**राउरकेला।** राज्य सरकार के स्पष्ट निर्देश पर अवैध पशु तस्करी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए क्योंझर पुलिस ने शनिवार तड़के अब तक का सबसे बड़ा और समन्वित अभियान चलाया। इस कार्रवाई के तहत जिले में सक्रिय गो तस्करों और माफियाओं के खिलाफ एक साथ 46 अलग अलग स्थानों पर छापेमारी की गई। यह व्यापक अभियान क्योंझर जिले के संतारापुर, कलियाहाटा, तेलकोई, घासीपुरा, तुरुमुंगा तथा हरिचंदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुजोड़ी में संचालित किया गया। इसके साथ ही मयूरभंज जिले के बिसोई, करंजिया, झारपोखरिया, टेंटोपोशी, चढ़ेइभोल, केंद्रेई और ठाकुरमुंडा क्षेत्रों में भी पुलिस टीमों ने एक साथ दबिश दी। वहीं जाजपुर जिले के कोरेई तथा भद्रक जिले में भी तस्करों के ठिकानों पर पुलिस की कार्रवाई जारी रही। इस बड़े अभियान का नेतृत्व दो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों एडिशनल एसपी ने किया। उनके साथ 5 डीएसपी, 25 निरीक्षक, 36 उप निरीक्षक और 30 सहायक उप निरीक्षक शामिल थे। कार्रवाई को प्रभावी और सुरक्षित बनाने के लिए 18 प्लाटून सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की गई। सूत्रों के अनुसार छापेमारी के दौरान नकद राशि, वाहन तथा अन्य संपत्तियों की बड़ी बरामदगी की संभावना जताई जा रही है।

## निगम आयुक्त ने किया यूजर चार्ज और टैक्स जमा

**रायगढ़।** निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने ऑनलाइन माध्यम से अपने स्वयं के आवास का यूजर चार्ज सहित समेकित कर का भुगतान कर जागरूक नागरिक का उदाहरण प्रस्तुत किया। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, सौंदर्यीकरण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के निरंतर विकास हेतु कर संग्रहण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कर्मचारियों से समय पर टैक्स भुगतान करने का निर्देश भी दिया।

समय पर टैक्स जमा होने से विकास कार्यों को और अधिक गति मिलती है तथा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो पाता है। इससे नागरिकों को भी अतिरिक्त अधिभार संबंधित आर्थिक हानि नहीं होती है। इसी तरह उन्हें साल के शुरुआत में ही समस्त टैक्स के भुगतान पर नियमानुसार छूट की भी सुविधा मिलती है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने अपने संपत्ति करए यूजर चार्ज एवं अन्य देय करों का भुगतान अनिवार्य रूप से करें। इसी तरह कर संग्रहण कार्य में लगे राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को कार्य में सक्रियता दिखाते हुए नागरिकों को समय पर टैक्स जमा करने जागरूक करने और उन्हें ऑनलाइन भुगतान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

**न्यायालय तहसीलदार पुसौर, जिला- रायगढ़ (छ.ग.)**
**ईश्तहार / उद्घोषणा / पेपर प्रकाशन**
रा.प्र.क्र. 202505041000030/अ-21 /2024-25
ग्राम- जकेला, प.ह.न. 13
तह. पुसौर जिला रायगढ़ छ.ग.

सर्व साधारण आम जनता ग्राम जकेला को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक उमा किशन पिता मोहन लाल व अन्य जाति खड़िया (अजजा) निवासी ग्राम जकेला तहसील पुसौर जिला रायगढ़ छ.ग. के द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम जकेला प.ह.न. 13 तहसील पुसौर स्थित भूमि ख.न. 444/2 रकबा 0.906 हे. ख.न. 138/2 रकबा 0.036 हे. ख.न. 138/2 रकबा 0.243 हे. कुल ख.न. 3 कुल रकबा 1.185 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है उक्त आवेदित भूमि को विक्रय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रायगढ़ के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

जिसकी सुनवाई दिनांक 23.01.2026 को नियत किया गया है। उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई उजर आपत्ति हो तो वे स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 23.01.2026 तक पेश कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त उजर आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के सील मुहर अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार पुसौर**

## 3 हजार से ज्यादा प्रतियां बांटीं निःशुल्क

# दृष्टिहीन होने के बाद पूर्व आईएएस ने लिख डालीं 6 किताबें





**जशपुरनगर।** जिले के फरसाबहार विकासखंड निवासी पूर्व आईएएस एवं पूर्व सरगुजा कमिश्नर एमएस पैंकरा ने यह साबित कर दिया कि जज्बा हो तो अंधेरा भी रास्ता नहीं रोक सकता। आंखों की रोशनी पूरी तरह जाने के बावजूद उन्होंने लेखनी को अपना सहारा बनाया और अब तक 6 किताबें लिखकर प्रकाशित करवा दीं। इतना ही नहीं, उन्होंने अपनी पुस्तकों की 3 हजार से अधिक प्रतियां समाज में निःशुल्क वितरित भी कर दी हैं।

एमएस पैकरा ने बताया कि स्कूल जीवन के दौरान एक बार आए फ्लू के बाद उनकी आंखें ड्राई हो गई थीं। इसके बाद कोरोना काल से उनकी दृष्टि लगातार कमजोर होती गई और धीरे-धीरे पूरी तरह चली गई। लेकिन इस शारीरिक बाधा ने उनके विचारों और लेखन को नहीं रोका। वर्ष 2021 से उन्होंने लेखन कार्य प्रारंभ किया। अब तक जिंदगी के सुरता, महुआ फूल, करमडार, कंवर जनजाति, जनजातीय समाज का सामाजिक एवं आर्थिक विकास और बदलता अबूझमाड़ जैसी चर्चित पुस्तकें लिख चुके हैं। इन पुस्तकों में जनजातीय अंचलों की संस्कृति, संघर्ष और बदलाव की जीवंत झलक मिलती है।

### बेटी बनी आंखें, पिता बने शब्द

दृष्टिहीनता के बाद लेखन कार्य में उनकी बेटी रुपाली पैंकरा ने अहम भूमिका निभाई। वर्तमान में रायगढ़ जिले में व्याख्याता के पद पर पदस्थ रुपाली, पिता द्वारा बोले गए शब्दों को टाइप करती थीं। इसी अनूठे तालमेल से एक के बाद एक छह किताबें तैयार हुईं। इस पूरे सफर में उनकी पत्नी सुशीला पैंकरा ने भी निरंतर सहयोग दिया।

### कलेक्टर से कमिश्नर तक

एमएस पैंकरा का जन्म फरसाबहार विकासखंड के ग्राम सिंगीबहार में हुआ। वे मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले और छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में कलेक्टर के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा वे लोक सेवा आयोग में अध्यक्ष और सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अंततः वे सरगुजा संभाग के कमिश्नर पद से सेवानिवृत्त हुए। रोशनी भले ही चली गई हो, लेकिन उनकी लेखनी आज भी समाज को नई दिशा और नई दृष्टि दे रही है।

### दो विद्वानों की मित्रता

जशपुर के वरिष्ठ इतिहास कार एवं एनईएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने बताया कि श्री पैकरा व उनकी दोस्ती बहुत ही पुरानी है। दोनों ही व्यक्ति लेखन के क्षेत्र में अपना लोहा मनवा चुके है डॉ रक्षित ने श्री पैंकरा की तारीफ करते हुए कहा कि दृष्टिहीनता के बावजूद लगातार किताबों का लेखन उनकी विद्वता एवं लेखन के प्रति समर्पण को दर्शाता है।



# बॉर्डर 2 का ट्रेलर देख खड़े हुए रोंगटे, सनी के कायल हो गए फैंस

**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर फैंस के बीच रिलीज से पहले ही क्रेज देखा जा रहा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आए तो फैंस काफी खुश हुए। बॉर्डर 2 के ट्रेलर में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी आर्मी, नेवी और एयरफोर्स ऑफिसर के रूप में नजर आए। सभी की एक्टिंग की झलक ट्रेलर में देखने को मिली। लेकिन, फैंस को सबसे ज्यादा सनी देओल ही भाए। एक यूजर्स ने लिखा, 'सनी देओल स्क्रीन पर ईमानदारी से अभिनय करते हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सनी देओल की स्क्रीन प्रेजेंस सॉलिड है।'इसी तरह के कमेंट्स कई फैंस ने सनी देओल को लेकर किए। खास ट्रेलर में सनी देओल के कहे गए डायलॉग सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आए हैं। वहीं, कुछ लोगों को दिलजीत दोसांझ भी एयरफोर्स ऑफिसर के रोल में खूब जंचे। फिल्म के ट्रेलर में वरुण धवन और अहान शेट्टी का अभिनय भी दर्शकों को पसंद आया। कुल मिलाकर सभी एक्टर्स, अपने-अपने किरदारों में खूब जमे हैं। फिर 'बॉर्डर' के फैंस रहे लोग, 'बॉर्डर 2' को लेकर एक्साइटेड हैं।

## लाइफ Style

# भूमि
## वेब सीरीज में दिखेगा बेखौफ अंदाज

मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर 'दलदल' सीरीज का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। इस क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में भूमि पेडनेकर का दमदार लुक देखकर फैंस सरप्राइज हो गए हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'दलदल' के फर्स्ट लुक पोस्टर के बाद शुक्रवार को निर्माताओं ने इसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया है। इसके टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। वेब सीरीज 'दलदल' के टीजर में भूमि पेडनेकर डीसीपी रीता फरेरा के रूप में एक क्रूर हत्यारे का पीछा करते हुए एक जोखिम भरे खेल में नजर आती हैं। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज मुंबई क्राइम ब्रांच की नवनियुक्त डीसीपी रीता फरेरा की कहानी बताती है, जिनका किरदार भूमि सतीश पेडनेकर ने निभाया है।

रीता फरेरा को एक बेरहम हत्यारे से लड़ते हुए अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। 'दलदल' सीरीज में भूमि पेडनेकर के अलावा समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'दलदल' का प्रीमियर 30 जनवरी को भारत में और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों में प्राइम वीडियो पर होगा। बेस्टसेलर किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित 'दलदल' को सुरेश त्रिवेनी ने लिखा है और विक्रम मल्होत्रा और त्रिवेनी ने प्रोड्यूस किया है। इसका निर्देशन अमृत राज गुप्ता ने किया है।



## हॉलीवुड मसाला




# जोई सल्डाना ने तोड़ा स्कारलेट जोहानसन का रिकॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** 'अवतार' की नेत्री और एमसीयू की गमोरा ने नया इतिहास रचा है। जी हां, इन दोनों किरदारों को निभाने वाली जोई सल्डाना अब हॉलीवुड की सबसे अधिक कमाई करने वाली एक्टर बन गई हैं। उन्होंने स्कारलेट जोहानसन को पछाड़कर यह मुकाम पाया है। 47 साल की जोई को यह उपलब्धि उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर 'अवतारः फायर एंड ऐश' के कारण मिली है। जेम्स कैमरून की इस फिल्म ने एक्ट्रेस के पूरे कॅरियर के ग्लोबल बॉक्स ऑफिस कमाई को $16.8 बिलियन यानी 151530 करोड़ रुपए के पार पहुंचा दिया है। साल 1999 में 'लॉ एंड ऑर्डर' टीवी सीरज से एक्टिंग कॅरियर शुरू करने वाली जोई को अब तक 1 ऑस्कर अवॉर्ड, एक बाफ्टा अवॉर्ड, एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड, एक सीएजी अवॉर्ड और एक कान फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड मिल चुके हैं। वह 'टाइम' मैगजीन की 2023 की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में जगह बना चुकी हैं।




# 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए लाइव काउंटडाउन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** यदि आप मार्वल स्टूडियो और सुपरहीरोज के फैन हैं, तो आपको भी यूट्यूब पर स्क्रॉल करते हुए अचानक एक सरप्राइज मिला होगा! मार्वल स्टूडियो ने अपनी अगली रिलीज 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए एक लाइव काउंटडाउन शुरू किया है। अभी इस फिल्म की रिलीज में पूरे 11 महीने की दूरी है। ऐसे में मन में सवाल उठता है कि फिर इतना लंबा काउंटडाउन क्यों? यकीनन, यह एक्साइटमेंट बढ़ाने वाला है, खासकर तब जब हजारो फैंस हर दिन कुछ ना कुछ देर तक इस काउंटडाउन पर घड़ी की 'टिक-टिक' की रहस्य जगाती आवाज सुन रहे हैं। अब फैंस की थ्योरी ये है कि फिल्म का टाइटल, डूम्सडे, सिर्फ डॉक्टर डूम के बारे में नहीं है। यह मार्वल यूनिवर्स के अंत का काउंटडाउन है। असल दुनिया में, 'डूम्सडे क्लॉक' जलवायु परिवर्तन, परमाणु युद्ध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे कारकों से प्रभावित होती है। इसी तरह 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का काउंटडाउन, एमसीयू और इसके मल्टीवर्स के अंत का सूचक हो सकता है। हमने 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' में इनकर्शन के बारे में सुना है।



# वीर से ब्रेकअप की खबरों के बीच पहली बार नजर आईं तारा

**मुंबई।** तारा सुतारिया इन दिनों अपने ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की खबरों के बीच अब पहली बार तारा सुतारिया नजर आईं। वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया एक बार फिर चर्चाओं में हैं। अक्सर अपने रोमांटिक पल और अफेयर को लेकर चर्चाओं में रहने वाला ये कपल, इस बार अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चाओं में हैं। पिछले लगभग एक हफ्ते से तारा और वीर के ब्रेकअप की खबरें सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। इस बीच वीर अकेले नजर भी आए और उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट भी साझा की। अब ब्रेकअप की रूमर्स के बीच पहली बार तारा सुतारिया पैप्स के कैमरे में कैद हुई हैं। अपनी फर्स्ट पब्लिक अपीयरेंस में तारा अकेली ही नजर आईं, उनके साथ वीर पहाड़िया इस बार नहीं दिखे। जिसके बाद दोनों के ब्रेकअप की खबरों को और भी बल मिलता है।



# दृश्यम 3 की शूटिंग शुरू इशिता ने शेयर कीं तस्वीरें

**मुंबई।** अजय देवगन की ऑनस्क्रीन बेटी इशिता दत्ता ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'दृश्यम 3' के बारे में जानकारी शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। शुक्रवार से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इशिता दत्ता ने इंस्टाग्राम पर 'दृश्यम 3' के सेट से दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर 'दृश्यम 3' के क्लैपबोर्ड की है और दूसरी तस्वीर में इशिता अपनी वैनिटी वैन के सामने खड़ी नजर आ रही है। इन तस्वीरों के साथ इशिता ने कैप्शन में लिखा, 'क्या मुझे और कुछ कहने की जरूरत है। फिल्म 'दृश्यम 3' में पहले फिल्म के स्टार्स नजर आएंगे, जिनमें अजय देवगन, इशिता, तब्बू और श्रिया सरन मुख्य भूमिका में दिखेंगे। यह सस्पेंस थ्रिलर सीरीज का तीसरा और आखिरी हिस्सा होगा, जिसके लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# व्हील ऑफ फॉर्च्यूनः अक्षय लेकर आए पैसे कमाने का नया तरीका

**नई दिल्ली।** नए रियलिटी टीवी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो आ गया है, जो चर्चा बटोर रहा है। यह शो 27 जनवरी से शुरू होगा और इसे अक्षय कुमार होस्ट करते नजर आएंगे। अक्षय कई साल बाद टीवी पर बतौर होस्ट वापसी कर रहे हैं। साथ ही वह इस शो के जरिए दर्शकों के लिए नए तरीके से पैसे कमाने का मौका लेकर आए हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के प्रीमियर से पहले मेकर्स ने प्रोमो शेयर किया है, जिसमें अक्षय कुमार शो के फॉर्मेट के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो शुरू होता है तो अक्षय कुमार तीन कंटेस्टेंट्स के साथ बात करते नजर आते हैं। वह उनसे कहते हैं, 'मैं आप तीनों के लिए एक नई कैटिगरी लेकर आया हूं- पति पत्नी। फिर बजर टाइम का ऐलान करते हैं और व्हील ऑफ फॉर्च्यून दिखाते हैं। इसके बारे में अक्षय कहते हैं- स्पिन करो और विन करो। खास बात यह है कि अगर व्हील स्पिन करने पर नाग आ गया तो कंटेस्टेंट ने जितना भी पैसा जीता है, वह वापस चला जाएगा यानी कंटेस्टेंट से छिन जाएगा। प्रोमो में दिखाया गया है कि पहले कंटेस्टेंट को अक्षय कुमार एक पहेली सुलझाने का टास्क देते हैं। कंटेस्टेंट जो अक्षर बताता है, उसके साथ ही वह व्हील को घुमाता है। व्हील पर अलग-अलग रकम लिखी है और जहां-जिस रकम पर व्हील घूमने के बाद रुकेगा, उतनी रकम कंटेस्टेंट जीत जाएगा।

## लोगों ने पूछी काला नमक चावल की रेसिपी

**नई दिल्ली।** अर्चना पूरन सिंह एक बार फिर अपने नए व्लॉग को लेकर आ चुकी हैं। और इस बार उनके पति ही उनका मजाक उड़ाते नजर आए, वो भी शराब पीने को लेकर। अर्चना ने कहा कि कपिल शर्मा ने उनका नाम खराब किया है। फिर लोगों ने उनसे काला नमक चावल की रेसिपी पूछी। अर्चना पूरन सिंह अपने यूट्यूब चैनल पर 'आप का परिवार' नाम से एक नया व्लॉग लेकर वापस आ गई हैं। इस बार उनका पूरा परिवार घर पर साथ समय बिता रहा है और वे अपने रूटीन को कैमरे में कैद कर रहे हैं। व्लॉग के दौरान, अर्चना और उनके पति परमीत सेठी ने ब्रांड प्रमोशन और घर में कौन ज्यादा जगह घेरता है, जैसे मुद्दों पर मजेदार बातचीत की। डीडीएलजे एक्टर ने यह भी बताया कि एकता कपूर पर उनके खोए हुए अरमानी सूट के 2 लाख रुपए बकाया हैं। व्लॉग की शुरुआत में, सेठी परिवार ने एक साथ फुटबॉल मैच देखा, फिर वे अपने-अपने कामों में लग गए। अर्चना एक ब्रांड के साथ मीटिंग में शामिल हुईं, जिसका वे प्रचार करती हैं, और उन्होंने कहा, 'मीटिंग अच्छी रही।



# ओ रोमियो का पहला गाना रिलीज अरिजीत की आवाज ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** शाहिद कपूर की आगामी फिल्म ओ रोमियो का पहला गाना 'हम तो तेरे ही लिए थे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। इसके साथ ही विशाल भारद्वाज और गुलजार की जोड़ी एक बार फिर लौटी है, वो भी अरिजीत सिंह की आवाज के साथ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर में इस गाने की एक लाइन सुनने के बाद से ही फैंस गाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब शुक्रवार को मेकर्स ने ये गाना रिलीज कर दिया है। गाने में तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। ये जोड़ी पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आ रही है। लेकिन गाने में दोनों की केमिस्ट्री देखकर ऐसा लगता है कि ये जोड़ी दर्शकों को पसंद आ सकती है। गाने की शुरुआत में तृप्ति डिमरी का किरदार कहता है, 'कोई कैसे किसी से इतना प्यार कर सकता है?' गाने में प्यार, रोमांस, केयर और इमोशन सबकुछ देखने को मिलता है।



### तृप्ति-शाहिद की रोमांटिक केमिस्ट्री

*शाहिद का रफ लवर का लुक काफी जचता है। वहीं एक झलक अविनाश तिवारी की भी दिखती है। हमेशा की तरह इस बार भी विशाल भारद्वाज की फिल्म में संगीत उन्हीं का है और गाने को लिखा गुलजार ने ही है। इस गाने को आवाज दी है प्यार का पर्याय बन चुके अरिजीत सिंह ने। गाना स्लो-रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे आप सुनकर सुकून महसूस कर सकते हैं। विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को वेलेंटाइन वीक में रिलीज होगी। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और फरीदा जलाल जैसे सितारे शामिल हैं। पिछले दिनों फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। अब दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।*

# ओटीटी पर इन फिल्मों और सीरीज ने दी दस्तक

**नई दिल्ली।** शुक्रवार 16 जनवरी को सिनेमाघरों में कई नई फिल्मों ने दस्तक दी है। मगर, इस कड़ाके की सर्दी में क्या आप घर बैठे ही कुछ शानदार देखना चाहते हैं? तो आपके वीकएंड को खास बनाने के लिए कई नई फिल्मों और सीरीज ने दस्तक दी है। सिनेमाघरों में इन दिनों बहार है। धुरंधर का खुमार अब तक उतरा नहीं है। वहीं, शुक्रवार को राहु केतु और हैप्पी पटेल जैसी फिल्मों ने भी दस्तक दी है। मगर, इस सर्द मौसम में अगर आप थिएटर जाने की बजाय घर बैठे ही कुछ रोमांचक देखना चाहते हैं तो ओटीटी के पिटारे में भी काफी कुछ खास है।

### मस्ती 4

लोकप्रिय फ्रेंजाईजी 'मस्ती' की चौथी कड़ी 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। इसे 16 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम किया जाएगा। इसमें रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी और विवेक ओबेरॉय जैसे सितारे हैं।

## यह वीकएंड होगा बेहद खास, मस्ती से 120 बहादुर तक



### 120 बहादुर

फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर बीते वर्ष नवंबर में रिलीज हुई थी। इसकी कहानी और सितारों के अभिनय की काफी तारीफ हुई। अब सेना की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म आज शुक्रवार से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह फिल्म आप पूरे परिवार के साथ बैठकर देख सकते हैं।

### भा भा बा

फिल्म 'भा भा बा' का लुत्फ भी आप इस वीकएंड पर उठा सकते हैं। यह 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। बता दें कि फिल्म 18 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें दिलीप और मोहनलाल जैसे साउथ सितारे हैं।

### गुर्रम पापी रेड्डी और कलमकावल

साउथ फिल्म गुर्रम पापी रेड्डी भी लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। वहीं, ममूटी अभिनीत फिल्म कलमकावल भी 16 जनवरी से सोनी लिव पर स्ट्रीम हो गई है।

### तस्करी द स्मगलर वेब

इमरान हाशमी इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'तस्करी द स्मगलर वेब' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह सीरीज 14 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। अगर आपने नहीं देखी है, तो इस वीकएंड इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। इसमें शरद केलकर, अमृता खानविलकर, नंदिश सिंह संधू, अनुराग सिन्हा और जोया अफरोज अहम भूमिकाओं में हैं।

## प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी थे खूब चर्चे

# ओपी को आशा से दिल लगाना पड़ा था भारी! लता से 36 का आंकड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ओपी नैय्यर फिल्म इंडस्ट्री के वो चमकते सितारे थे जिनके जाने के बाद भी उनके काम की चर्चा आज तक होती है। केवल प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनके खूब चर्चे थे। आशा भोसले के साथ 14 साल के रिश्ते ने उनकी जिंदगी बदलकर रख दी। परिवार से तो दूर हुए ही। प्यार भी नसीब नहीं हुआ।

### सड़क पर फेंक दिया अवॉर्ड

सिराज खां ने इस बारे में कहा था, 'नैय्यर साहब अपनी कार से वापस लौट रहे थे। उनकी कार में गीतकार एसएच बिहारी बैठे हुए थे। सड़क पर उस समय सन्नाटा था। अचानक नैय्यर साहब ने कार का शीशा नीचा किया और वो ट्राफी फेंक दी जो एक खंभे से टकराई। आखिरी आवाज जो उन्होंने सुनी, जैसे कोई चीज चूरचूर हो जाती है। उन्होंने बगल में बैठे हुए बिहारी साहब से कहा कि ये जो आपने ट्रॉफी टूटने की आवाज सुनी, इसके साथ ही आशा इज आउट ऑफ माई लाइफ... फॉएवर।'

### शमशाद और गीता दत्त से कर लिया था किनारा

ओ पी नैय्यर को नजदीक से जानने वाले सिराज खां ने बातचीत में बताया था, 'मेरा ख्याल है इस तरह का रिश्ता बॉलीवुड क्या हॉलीवुड में भी नहीं हुआ है। उनकी प्रोफेशनल रिलेशनशिप रोमांस में बदल गई और 1958 से लेकर 1972 तक यानी 14 सालों तक उनका साथ रहा। ये बहुत गहरा साथ था। आप सोचिये एक शादीशुदा शख्स जिसके चार बच्चे हैं और एक तलाकशुदा महिला खुलेआम बंबई में घूमा करते थे।' नैय्यर साहब ने खुद भी इंटरव्यू में कहा था, 'ये तो सुना था कि लंव इज ब्लाइंड, लेकिन मेरे मामले में लव ब्लाइंड के अलावा डीफ यानी बहरा भी था क्योंकि आशा की आवाज के अलावा मैं और कोई आवाज सुन नहीं पाता था।' यही कारण था कि उन्होंने शमशाद बेगम और गीता दत्त से खुद को किनारे कर लिया था।



### 1952 में आसमान से कॅरियर किया शुरू

साल 1926 में लाहौर में जन्मे ओपी नैय्यर ने 1952 में 'आसमान' फिल्म से अपना कॅरियर शुरू किया, लेकिन उन्हें असली पहचान गुरु दत्त की फिल्मों से मिली। 'रिदम किंग' और 'ताल का बादशाह' कहे जाने वाले नैय्यर ने 'आर पार', 'मिस्टर एंड मिसेज 55', 'सीआई डी' और 'तुम सा नहीं देखा' जैसी फिल्मों के लिए काम किया और उनके काम ने उन्हें हर तरफ जगमगा दिया। जितनी उनके प्रोफेशनल लाइफ की चर्चा होती थी, उतनी ही पर्सनल लाइफ की भी। आशा भोसले के साथ उनके रिश्ते ने उनकी जिंदगी को झकझोरकर रख दिया। उसके बाद न तो वो अपने परिवार के रहे और न ही आशा भोसले के हो पाए। आशा भोसले को सुपरहिट बनाने का श्रेय अगर किसी को दिया जा सकता है तो वो थे ओपी नैय्यर। उन्होंने आशा की आवाज और रेंज का फायदा उठाते हुए उन्हें मौके दिलवाए। उन्हीं की वजह से आशा भोसले को उनकी पहचान मिली जो आज भी हर किसी के दिल में बनी हुई हैं।

### 14 साल तक चला रिश्ता

मशहूर संगीत इतिहासकार राजू भारतन अपनी किताब 'अ जर्नी डाउन मेमोरी लेन' में लिखते हैं, 'ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के प्रति प्यार इस हद तक था कि एक बार उन्होंने बिना कोई शब्द कहे गीता दत्त का फोन रख दिया था। गीता दत्त ने सिर्फ ये पूछने के लिए फोन किया था कि मैंने ऐसी क्या खता की कि अब आप मुझे गाने के लिए नहीं बुलाते? 'ये वही गीता दत्त थीं, जिन्होंने ओ पी नैय्यर की पहले पहल गुरु दत्त से सिफारिश की थी। ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के साथ रिश्ता 14 सालों तक चला। एक जमाने में ओ पी नैय्यर की कैडलक कार में घूमने वाली आशा भोंसले ने 1972 में इस रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया।'

### हमेशा के लिए बना ली दूरी

इसके बाद आशा भोसले और ओपी नैय्यर ने एक साथ कभी कहीं कदम नहीं रखा। लेकिन, इससे पहले उन्होंने 'प्राण जाए पर वचन न जाए' फिल्म के लिए एक गाना रिकॉर्ड किया, जिसे 1973 का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। आशा उस इवेंट में नहीं गई थीं। ओपी नैय्यर ने उनकी तरफ से अवॉर्ड लिया और घर वापस लौटते समय उन्होंने वो ट्रॉफी चलती कार से सड़क पर फेंक दी।

## खबर संक्षेप

### 22 को होगी राजनैतिक दलों की बैठक

**रायगढ़।** जिले में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य संपन्न कराया जा रहा है। इस संबंध में एसआईआर कार्यों की समीक्षा एवं आवश्यक समन्वय हेतु आयुक्त बिलासपुर संभाग, बिलासपुर सह रोल ऑब्जर्वर की अध्यक्षता में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की आवश्यक बैठक 22 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे होगी।

### नन्हे बच्चों को मिल रहा शिक्षा और पौष्टिक आहार

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ से लगभग 32 किमी दूर वनांचल में बसा ग्राम पंचायत बेहरामार में अब बच्चों के लिए नवीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण हुआ है। बेहरामार के बच्चों के लिए कभी शिक्षा और पोषण केवल एक अधूरा सपना हुआ करता था। गांव का पुराना आंगनबाड़ी भवन जर्जर अवस्था में था, जिससे बच्चों को न तो नियमित शिक्षा मिल पाती थी और न ही समय पर पोषण आहार।

# राइस मिलों से 5 करोड़ का धान चावल जब्त, 2 राइस मिल सील

**जगदम्बा और श्याम राईस मिल से 15734.50 क्विंटल धान व 661.50 क्विंटल चावल जब्त**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

राजस्व, खाद्य और मंडी की सयुंक्त टीम ने अवैध धान भंडारण करने वाले राइस मिलर और कोचिया को उनके छुपाए गोदाम में गुरुवार को छापेमारी की गई। सयुंक्त टीम ने जिले के 02 राइस मिलों से 15734.50 क्विंटल धान व 661.50 क्विंटल चावल कुल 05 करोड़ 18 लाख का धान और चावल जब्त कर राइस मिल सील कर दिया गया है।



राइस मिल में छापेमारी करने पहुंची संयुक्त टीम।

सारंगढ़ ब्लॉक के जगदम्बा राइस मिल में संयुक्त दल ने औचक निरीक्षण कर निर्धारित मात्रा से 5447.43 क्विंटल धान कम पाये जाने पर भौतिक रूप से उपलब्ध 13683.20 क्विंटल धान व 661.50 क्विंटल चावल जब्त कर राइस मिल को सील किया। बरमकेला ब्लॉक के श्याम उद्योग राइस मिल में संयुक्त दल ने औचक निरीक्षण कर 2051.30 क्विंटल धान ज्यादा मिलने पर धान को जब्त कर राइस मिल को सील किया। इस प्रकार बाजार मूल्य के कुल 05 करोड़ 18 लाख रूपए का धान व चावल जब्त किया गया।

# विज्ञान संकाय के व्याख्याताओं का हुआ विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रायगढ़ ब्लॉक के हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में पदस्थ विज्ञान संकाय के व्याख्याताओं के लिए ब्लूप्रिंट प्रश्न पत्र निर्माण एवं आधुनिक शिक्षण शास्त्र पर आधारित पाँच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन माध्यमिक शाला जुर्डा में किया गया। यह प्रशिक्षण 12 से 16 जनवरी तक हुआ, जिसमें विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण की वैज्ञानिक प्रक्रिया से परिचित कराना, मूल्यांकन प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी बनाना तथा कक्षा शिक्षण को दक्षता आधारित एवं विद्यार्थी केंद्रित स्वरूप प्रदान करना रहा। जीव विज्ञान विषयों के अनुरूप मॉडल ब्लूप्रिंट, प्रश्न पत्र निर्माण, अंक विभाजन, कठिनाई स्तर निर्धारण, अधिगम परिणाम आधारित प्रश्न निर्माण एवं उत्तरमाला तैयार करने की विधियों पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## जटिल और लंबी न्यायिक प्रक्रिया से बचाने आया पंचायत समाधान मंच

**पुसौर।** शासन द्वारा इन दिनों छोटे बड़े सभी विवादों से निजात दिलाने त्रिस्तरीय समाधान मंच का गठन किया गया है। जिसमें संबंधित क्षेत्र के लोगों को तत्काल उनके विवाद का समाधान मिलेगा। वहीं जटिल एवं लंबी न्यायिक कागजी प्रकिया से बचें रहेंगे। इसके लिए पंचायत समाधान मंच, अनुविभाग स्तरीय समाधान मंच तथा जिला स्तरीय समाधान मंच का गठन किया गया है। पंचायत समाधान मंच का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई है। इस कार्यशाला में सीईओ विवेक गोस्वामी, एसीईओ ब्रजबंधु पटेल ने बताया कि इस मंच के जरिए राजस्व संबंधी, मारपीट, दहेज संबंधी, चरित्र हनन सहित अन्य सभी मामलों का निपटारा हो सकता है।




# आदिवासी कन्या छात्रावास के बच्चों को किया गया स्वेटर, कापी, पेन का वितरण

**कोसीर।** सारंगढ़ विकास खण्ड के प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास केडार के बालिकाओं को शासन के निर्देशानुसार प्रभारी अधीक्षक श्रीमती आर बी भारद्वाज ने सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री श्रीमती शिवकुमारी सारधन चौहान एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष केडार दीपक साहू निगरानी समिति के अध्यक्ष सरपंच श्रीमती सावित्री सिदार, प्राचार्य विजय ठेठवार, व्याख्याता मिलनराम सिंह चौहान, सीएसी मोहन लाल जांगड़े एप्रभारी प्रधान पाठक हेमंत साहू, उपसरपंच श्रीमती हीराबाई साहू, पंच श्रीमती वंदना पटेल, पालक गण श्रीमती रुकमणि साहू, श्रीमती दुजबाई साहू




उपस्थित रहे। छात्रावास की बालिकाओं ने अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। छात्रावास की सभी बालिकाओं को अतिथियों के हाथों सामग्री वितरण हुआ जिसमें स्वेटर तथा कॉपी पेन दिया गया।

मुख्य अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं को अवगत कराया। शासन द्वारा छात्राओं को दी जा रही सुविधाओं को भी विस्तार से बताया एवं उनका लाभ लेने को कहा गया। छात्रावास की सुविधाओं का लाभ पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को पढ़ाई लिखाई के लिए प्रेरित किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने भी बच्चों को छात्रावास की सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने के साथ साथ पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। छात्रावास के हित मे हर सम्भव सहयोग करेंगे कहा गया। तथा छात्रावास की अधीक्षक की प्रशंसा किया गया। व्याख्याता मिलनराम सिंह चौहान ने छात्रावासी बच्चों की दिनचर्या पर बहुत बेहतर समय पालन की जानकारी दी। विद्यार्थियों के दायित्वों से अवगत कराते हुए शिखर पर पहुंचने के लिए मार्गदर्शन दिया। छात्रावास में अतिथियों द्वारा पौधरोपण भी किया गया।







